Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of Railway overbridge on the bypass road of Balaghat, Madhya Pradesh.

डॉ. ढालसिंह बिसेन: अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बालाघाट की एक ज्वलन्त समस्या की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और यह चाहता हूं कि माननीय रेल मंत्री जी या पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के मंत्री जी वहां पर ओवरब्रिज बनाएं ।

महोदय, मेरा निवेदन यह है कि बालाघाट जिले में गोंदिया से कटंगी के बीच लगभग आठ ट्रेनें दिन भर में चलती हैं और ये ट्रेनें बालाघाट शहर के चार मार्गों से होकर गुजरती हैं, जिसके कारण आये दिन लगातार आधा-आधा, पौना-पौना घंटे तक जाम लगा रहता है । इसके कारण वहां से आने-जाने वाले मरीजों, पढ़ने वाले विद्यार्थियों और सारे लोगों को भारी दिक्कत होती है । रेलवे विभाग ने वहां पर ओवरब्रिज बनाने की स्वीकृति भी दी है, परन्तु अभी तक वह वहां पर बनाया नहीं गया है । इसलिए मैं आपके माध्यम से चाहता हूं कि वहां पर रेलवे ओवरब्रिजेज़ बनाए जाने के निर्देश हों । यह जानकारी प्राप्त हुई कि उसमें राज्य सरकार द्वारा अंशदान नहीं मिलने के कारण वे नहीं बन पा रहे हैं तो राज्य सरकार को भी निर्देशित करें कि वे अपना अंशदान करें, ताकि वहां पर रेलवे ब्रिजेज बनाए जा सकें ।